प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 21.02.2025

मुख्य समाचारः—

- मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य और चिकित्सा के नाम पर विदेशी सहायता लेकर धर्मांतरण करने वाले गैर सरकारी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- बलौदाबाजार में आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में जेल में बंद एक सौ बारह आरोपियों को आज उच्च न्यायालय से मिली जमानत।
- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के तहत कल राज्य में करीब इक्यासी प्रतिशत औसत मतदान दर्ज किया गया।
- नारायणपुर जिले में आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी का जवान घायल—जवान को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री—धर्मांतरण कार्रवाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में कार्यरत कुछ गैर—सरकारी संगठनों को हुई विदेशी फंडिंग के दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को राज्य में विदेशी फंड प्राप्त करने वाले एनजीओ की जांच करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई ऐसे एनजीओ हैं, जो हेल्थ एजुकेशन के नाम पर विदेशी सहायता लेते हैं और उसका उपयोग धर्मांतरण के लिए करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मांतरण जैसी अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे।
आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देशभर के दो करोड़ पचास लाख किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इस योजना के अंतर्गत सीधे 6 हजार रूपये तीन किस्तों में किसान के खाते में अंतरित किए जाते हैं और अब तक 3 दशमलव 46 लाख करोड़ रूपया किसानों के खाते में अंतरित किए जा चुके हैं और 19वीं किस्त जारी होते ही 3 लाख 68 हजार करोड़ रूपया किसान के खाते में पहुंचेंगे। दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी की योजना है ये।

पंचायत चुनाव—दूसरा चरण

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के तहत कल राज्य में करीब इक्यासी प्रतिशत औसत मतदान दर्ज किया गया। कल दूसरे चरण में तिरालीस विकासखण्डों में वोट डाले गए।

कल छब्बीस हजार नौ सौ अठासी पंच, तीन हजार सात सौ चौहत्तर सरपंच, आठ सौ निन्यानवे जनपद सदस्य और एक सौ अड़तीस जिला पंचायत सदस्यों के पदों पर निर्वाचन के लिए मतदान हुआ।

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत तीसरे और अंतिम चरण का मतदान तेईस फरवरी को होगा।

इस बीच, जशपुर जिले में पंचायत चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कलेक्टर ने एक प्रधान पाठक, पटवारी और व्याख्याता सहित तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। वहीं, इसी जिले के पत्थलगांव इलाके में तमता ग्राम पंचायत के सचिव को भी निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री–इसरो चेयरमैन मुलाकात

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो का एक विशेषज्ञ दल जल्द ही छत्तीसगढ़ का दौरा करेगा और राज्य में सैटेलाइट इमेजरी, जीआईएस तकनीक और डेटा विश्लेषण के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत अध्ययन करेगा। इसके तहत राज्य में मृदा स्वास्थ्य विश्लेषण, जल स्रोतों का सटीक आंकलन, बाढ़ और सूखे की भविष्यवाणी और कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए डेटा–आधारित निर्णय लेने की प्रणाली विकसित की जाएगी।

यह जानकारी इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन ने कल नई दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात के दौरान दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के उपयोग से कृषि और अन्य क्षेत्रों में नवाचारों को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई।

बलौदाबाजार आरोपी–जमानत

बलौदाबाजार में आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में जेल में बंद एक सौ बारह आरोपियों को आज छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है।

जमानत के लिए प्रत्येक आरोपी को पच्चीस हजार रुपये का बांड भरना होगा। इसके अलावा, ट्रायल कोर्ट में गैर–हाजिरी की स्थिति में जमानत स्वतः रद्द मानी जाएगी।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बलौदाबाजार कांड में पिछले छह महीने से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद विधायक देवेन्द्र यादव आज शाम रिहा हो गए। इस मौके पर जेल परिसर के बाहर देवेन्द्र यादव के अनेक समर्थक मौजूद थे।

जवान घायल

नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी का एक जवान घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना छोटेडोंगर से जिला पुलिस बल और डीआरजी की संयुक्त टीम रोड सिक्यूरिटी ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान तोयमेटा और कवानार के बीच जंगल में आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए रायपुर एयरलिफ्ट कर दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान इसकी समृद्ध भाषायी विरासत और बहुभाषी संस्कृति में निहित है। छत्तीसगढ़ी, गोंडी, हल्बी, सरगुजिया, कुडुख, भतरी सहित अनेक लोकभाषाएँ यहां की सांस्कृतिक आत्मा को संजोए हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमें अपनी मातृभाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और विकास के प्रति जागरूक करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारे समाज की जड़ों से जुड़ने का सेतु भी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपनी मातृभाषाओं को बढ़ावा दें।

मुख्यमंत्री–पीटी उषा मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल नई दिल्ली में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पी.टी. उषा ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास, युवा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, खेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण और ओलंपिक स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए राज्य की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान पी. टी. उषा ने छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के लिए भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा एक विशेष प्रतिनिधिमंडल भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस दल में विभिन्न खेलों के अनुभवी कोच और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो स्थानीय खिलाड़ियों को ओलंपिक स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए प्रशिक्षित करेंगे और उनकी खेल तकनीकों को निखारने में सहायता करेंगे।

वन–कार्यशाला

वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में उनके आर्थिक महत्व को चिन्हित करने के लिए आज नवा रायपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ के वन विभाग द्वारा द एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित की गई।
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला के दौरान अनेक तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

मुख्यमंत्री–जन्मदिन

आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अपने गृह ग्राम बगीया पहुंचे और स्कूली बच्चों के साथ न्योताभोज कर अपना जन्मदिन मनाया।

मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

इससे पहले, आज सुबह रायपुर में राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, मुख्य सचिव अमिताभ जैन और पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर श्री साय को जन्मदिन की बधाई दी।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार राज्य विधानसभा में पेश किए जाने वाले आर्थिक सर्वेक्षण पर योजना, आर्थिक एवं सांख्यकीय विभाग के सचिव अंकित आनंद से ली गई विशेष भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम कल बाईस फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केंद्र रायपुर से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

पुलिस–रजत पदक

झारखंड के रांची में आयोजित अड़सठवीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में छत्तीसगढ़ सहित देशभर के अट्ठाईस राज्यों की पुलिस टीमों और अर्धसैनिक बलों के एक हजार दो सौ अट्ठाईस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए साइंटिफिक एड्स टू इन्वेस्टिगेशन और डॉग स्क्वाड प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है। इसके साथ ही दुर्ग रेंज के बालोद जिले में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक धरम भूआर्य ने भी पुलिस ऑपरेशन इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने पूरी टीम को बधाई दी है।

संक्षिप्त समाचार

- रेलवे ने परिचालन संबंधी कारणों से दुर्ग और छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को बाईस से छब्बीस फरवरी तक के लिए रद्द कर दिया है। इसके अलावा दुर्ग से चलने वाली नौतनवा एक्सप्रेस भी छब्बीस फरवरी को रद्द रहेगी।

- सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ द्वारा कांकेर जिले के दंडक वन कैम्प में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इकत्तीस महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरण किया गया।

- जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में चार दिवसीय शिवरीनारायण महोत्सव तेईस फरवरी से शुरू होगा। महोत्सव में लोक कलाकार और स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।